**Student Name -** **Roll No - 329535** **Subject - Essay** **Total Score : 167.00**

| SrNo | 1) Q1 (100.00) | 2) Q2 (100.00) | 3) Q3 (100.00) | 4) Q4 (100.00) | 5) Q5 (100.00) | 6) Q6 (100.00) | 7) Q7 (100.00) | 8) Q8 (100.00) | 9) Q9 (100.00) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 60.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 52.00 | 0.00 | 0.00 |

| 10) Q10 (100.00) | 11) Q11 (100.00) | 12) Q12 (100.00) |
|---|---|---|
| 0.00 | 0.00 | 55.00 |

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

## परीक्षार्थी के लिए आवश्यक अनुदेश

इन्हें सावधानी से पढ़ें और इनका अनुपालन करें, अन्यथा दंड के भागी होंगे।

1. इस उत्तर पुस्तिका में (40) क्रमांकित पृष्ठ हैं। इनका सत्यापन कर लें। त्रुटि/कमी होने पर उत्तर पुस्तिका बदलवा लें।
2. प्रवेश पत्र से मिलान कर, केवल इस आवरण पृष्ठ पर विहित स्थान पर अपना नाम एवं अनुक्रमांक (Enrollment Number) अंतर्राष्ट्रीय अंकों तथा अक्षरों में लिखें।
3. अनुक्रमांक के सभी 'अंक' अलग-अलग बॉक्स में लिखें। 'शब्दों में' प्रत्येक अंक ठीक उसके नीचे, लम्बे बॉक्स में, (ए क / O N E) अक्षरवार लिखें।
4. उत्तर पुस्तिका के अन्दर किसी पृष्ठ पर प्रश्नोत्तर के अलावा अपना नाम, अनुक्रमांक, अन्य कोई (धार्मिक) शब्द या पहचान चिह्न एवं परीक्षक को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी प्रार्थना/धमकी भरी बातें न लिखें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जायेगी।
5. प्रश्नों के उत्तर ठीक उसके नीचे दिये गये निर्धारित स्थान पर ही लिखें। निर्धारित स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान पर लिखे गये उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। परीक्षार्थी जिस प्रश्नोत्तर को लिखना चाहते हों, उसके सामने बने बॉक्स के अंदर Tick ☑ का निशान लगायें। उदाहरण—1.(a) ☐ or 1.(b) ☐
6. यदि आप किसी प्रश्नोत्तर को रद्द करना चाहें, तो आर-पार क्रॉस (×) कर काट दें और उस पर 'रद्द' लिखें।
7. उपस्थिति पत्र पर प्रत्येक परीक्षा के लिए वही हस्ताक्षर करें, जो उपस्थिति पत्र पर आपने पूर्व में किया है। अन्यथा, उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जायेगी।
8. प्रश्नों के उत्तर एक ही स्याही से लिखें। यदि स्याही बदलनी ही पड़े, तो इस आशय का वीक्षक (Invigilator) से आवरण पृष्ठ पर नियत स्थान पर ▣ अधिप्रमाणन अवश्य ही करायें।
9. उपस्थिति सूची में अपने नाम के समक्ष उत्तर पुस्तिका की संख्या अवश्य लिखें और हस्ताक्षर करें, अन्यथा उत्तर पुस्तिका रद्द कर दी जायेगी।
10. परीक्षा कक्ष में यदि कोई पुस्तक/उत्तर सामग्री आपसे बरामद होती या नकल करते/कराते बात-चीत करते/दुर्व्यवहार करते पाये जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पाँच वर्षों के लिए तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में तीन वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जायेगा। साथ ही बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम, 1985 के प्रावधानों के अधीन भी दंडित किये जायेंगे।
11. कोई अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका नहीं दी जायेगी।
12. उत्तर पुस्तिका सौंपने के उपरांत ही परीक्षा कक्ष से बाहर निकलें।
13. केन्द्राधीक्षक के निदेशों का पालन करना अनिवार्य है।

EXAM.— 03/FH/CC/M-2023-38

विषय : निबंध
SUB : ESSAY

उत्तर का माध्यम : हिन्दी / अंग्रेजी / उर्दू
Answer Medium : Hindi ● English ○ Urdu ○

Subject Barcode :

तिथि / Date 18-05-23.

| प्रश्न संख्या Q. No. | प्राप्तांक / Marks Obtained (परीक्षक भरेंगे) |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |
| | |

कुल (अंकों में) TOTAL (in figures)

कुल (शब्दों में) TOTAL (in words)

परीक्षक EXAMINER

प्रधान परीक्षक HEAD EXAMINER

विषय : निबंध
SUB : ESSAY
EXAM.— 03/FH/CC/M-2023-38

23867955

Only for Office use

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidate should not write in this margin

[ Full Marks : 300

topics in about 700 to

100

से 800 शब्दों में एक निबंध

people to throw seeds.

कर बीज फेंकने का इंतजार नहीं

also a form of moral and

क और सामाजिक क्रिया का भी

eed better than inaction.

से अवश्य ही उत्तम है।

l truths.

उद्घाटित करती है।

ार करता है।

ाकर बीज

करता है।

प की प्रसिद्ध

जाना होगी

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

पृष्ठ पर न लिखें

T WRITE ON THIS PAGE

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

Examdhara
SSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

3

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

# ESSAY

Time : 3 Hours ] [ Full Marks : 300

## Section—I
## खण्ड—I

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

1. ☑ Forest creates its own trees. It does not wait for the people to throw seeds.
जंगल अपने पेड़ स्वयं तैयार करता है। यह लोगों के जंगल में आकर बीज फेंकने का इंतजार नहीं करता है।

2. ☐ Literature is not only a source of knowledge, but also a form of moral and social activity.
साहित्य ज्ञान का केवल एक स्रोत ही नहीं है, साथ ही यह नैतिक और सामाजिक क्रिया का भी एक रूप है।

3. ☐ Perform your obligatory duty because action is indeed better than inaction.
अपने अनिवार्य कर्तव्य का पालन करें क्योंकि कर्म, निष्क्रियता से अवश्य ही उत्तम है।

4. ☐ Good art should illuminate our experience or reveal truths.
उत्कृष्ट कला हमारे अनुभव को प्रकाशित करती है या सत्य को उद्घाटित करती है।

जंगल अपने पेड़ स्वयं तैयार करता है। यह लोगों के जंगल में आकर बीज फेंकने का इंतजार नहीं करता है।

कवि प्रदीप की प्रसिद्ध पंक्तियाँ " जिस दीये में जान होगी

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

वह इन तूफानों से नहीं बुझेगा जो कमजोर होगा वह बुझ जाएगा" के अनुसार मानव या कोई भी सभ्यता अपने निर्माण का आधार स्वयं होती है तथा यह अपने निर्माण के लिए किसी दूसरे पर निर्भर नहीं रह सकता इसी बात का दूसरा आशय यह हुआ कि जंगल अपने पेड़ स्वयं तैयार करता है। यह लोगों के जंगल में आकर बीज फेंकने का इंतेजार नहीं करता है। से संबंधित है।

भारत के महाभारत में कर्ण नाम का एक ऐसा योद्धा हुआ जिसको गुरु द्रोणाचार्य द्वारा अस्त्र-

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

-शस्त्र विद्या देने से मना कर दिया परंतु अपनी मेहनत एवं अदम्य साहस के बदौलत न सिर्फ कर्ण ने गुरु परशुराम के पर्वत पर जाकर उनसे शिक्षा लिया अपितु महाभारत का ऐसा वीर योद्धा बना जिसके रहते पांडवों की जीत अनिश्चित थी। अर्थात् कर्ण ने खुद के जंगल स्वयं तैयार किया जंगल में जाकर लोगों के बीज का इंतजार नहीं किया कि कोई मेरी स्थिति सुधारे या मुझे शिक्षा देने में मदद करे।

भीमराव अंबेडकर जिन्होंने जाति प्रथा को इतने

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

करीब से देखा कि उन्हें जाति प्रथा के दुर्व्यवहार के कारण विद्यालय में पानी तक नही पीने दिये जाता था उनके बारे में ऐसा बताया जाता है कि एक बार पानी पिलाने वाला बीमार था विद्यालय कुछ दिनों तक नहीं आया तो उन्हें स्कूल में प्यासे ही रहना पड़ा था। आगे चलकर उन्होंने भारत के संविधान में प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने तथा सभी को समान बनाने में इनकी अहम भूमिका रही।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



अर्थात् उन्होंने अपने आप को तपाया तथा समाज के उदाहरण बने।

इसी प्रकार एक समय केन्द्र में कांग्रेस सरकार का वर्चस्व कायम रहता था तथा भाजपा के गठन के समय यह कहा गया कि यह कांग्रेस के सामने धूल साबित होगा ऐसा दो दशकों तक देखा भी गया परंतु वर्तमान में 2 कार्य-काल से भाजपा एनडीए गठबंधन बनाकर केन्द्र सता का संचालन कर रही है।

ऐसा ही कांग्रेस के

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

गठन के समय लार्ड डफरिन द्वारा कहा कहा गया था कि "यह तो अल्पसंख्यकों की सूक्ष्म संस्था है" लेकिन आगे चलकर इसी कांग्रेस ने न सिर्फ भारतीय आंदोलन के लिए जनता को जोड़ा बल्कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई अर्थात् इसने स्वयं के मेहनत के बलबूते ऐसा किया।

ब्रिटिश सता की दुनिया भर में स्थापित हो जाने के बाद उन्होंने अपनी बाजार व्यवस्था एवं औद्योगिक क्रांति को बढ़ावा दिया तथा आर्थिक



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

हितों के अपने पक्ष में रहने हेतु अनेक प्रकार के आविष्कार किये एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की स्थापना एवं विस्तार पर बल दिया।

भारत एवं पश्चिमी अर्थव्यवस्था में शिक्षा की तुलना करने पर हम पाते हैं कि पश्चिमी देशों ने अपनी शिक्षा प्रणाली को अपने अनुसार बनाया अर्थात् अपने जंगल के पेड़ स्वयं तैयार किए तथा आगे बढ़ते गए। इसके विपरीत भारतीय शिक्षा प्रणाली उन्हीं ब्रिटिश प्रणाली पर ही आगे



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

तथा भारतीय शिक्षा प्रणाली पिछड़ती चली गयी एवं इसने रोजगारपरक पद्धति को चुना नहीं पाया।

पर्यावरणीय क्षेत्रों में भूटान से सबको सीख लेनी की आवश्यकता है वह पर्यावरणीय संदर्भ में महात्मा गाँधी के विचार का पालन है "प्रकृति हमारे जरूरतों को पूरा कर सकती है लालचों को नहीं" अर्थात् वह अपनी सभ्यता को इस कदर बनाया है कि पर्यावरण का काफी कम दोहन हो पाये। इसके विपरीत विकसित देश पर्यावरण को ताक पर

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidate should not write in this margin

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें।
Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

11

रखकर विकासात्मक कार्य को बढ़ावा दे रहे हैं जिसका परिणाम पृथ्वी ने दिखाना शुरू कर दिया है तथा ऐसे ही चला तो एक दिन पृथ्वी पर से मानव का नामोनिशां मिट जाएगा। शायर औसर कमाली के शब्दों में

" धूप के जंगल नंगे पाँव, एक बंजारा करता क्या।

आग का दरिया आग का झरना, प्यास का मारा करता क्या।।

बादल-बादल जल चुका था, पानी तरसे पानी को।

पत्ता-पत्ता जल चुका था, पेड़ बेचारा करता क्या।।"

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

जर्मनी जब प्रथम विश्व युद्ध के ~~समय~~ बाद वर्साय की संधि द्वारा लूटा जा रहा था तब एक सेना-नायक एडोल्फ हिटलर का जन्म हुआ जिसने द्वितीय विश्व युद्ध में मित्र राष्ट्रों के छक्के छुड़ा दिए। उसने अपनी कमियों को पहचाना तथा सैन्य एवं भोजन सामाग्री का उचित प्रबंधन किया। उसने यह बताने का प्रयास किया कि जब बात देश की आ जाए तो हमें साथ मिलकर अपने देश के रक्षा हेतु कदम उठाया जाना चाहिए।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidate should not write in this margin

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें।
Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

13

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidate should not write in this margin

शीर्षक का दूसरा पक्ष यह बताता है कि कभी-कभी जंगल दूसरे के बीज से भी अपना निर्माण करता है जैसे- विश्व में राष्ट्रवाद एवं विद्रोह की शुरुआत पश्चिमी यूरोप से हुई परंतु इसका प्रभाव धीरे-धीरे अन्य राष्ट्रों पर पड़ा। आजकल के युग में एक जगह शुरुआत होती है एवं विश्व प्रभावित होता है जैसे- ईरान में बुर्का पर प्रतिबंध के विरोध में महिलाओं का आंदोलन तथा ~~युके~~ न्यूजीलैंड के तंबाकू सेवन पर निषेध का धीरे-धीरे अन्य राष्ट्रों में फैलना

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

कहा जा सकता है कि

व्यक्ति या समाज को अपनी मौलिकताओं पर ध्यान देना चाहिए तथा खुद पर काम करना चाहिए।

"सचिन तेन्दुलकर 10वीं के बोर्ड परीक्षा में फेल हो गये थे तथा उन्हें घर पर काफी डाँट भी सुननी पड़ी थी लेकिन सचिन ने अपने खेल प्रतिभा पर ध्यान दिया तथा दुनिया के सामने क्रिकेट के भगवान के रूप में जाने गए। भारत सरकार द्वारा ~~उनको~~ उन्हें 2014 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया।"

60 Q1

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

## Section—II
## खण्ड—II

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

5. ☐ We are not makers of history, we are made by history.
हम इतिहास-निर्माता नहीं हैं, बल्कि हम इतिहास द्वारा निर्मित हैं।

6. ☐ Internet has turned our world into global village.
इंटरनेट ने हमारे संसार को विश्वगाँव में बदल दिया है।

7. ☑ Thought is the base of life.
विचार जीवन का आधार है।

8. ☐ Education seeking change after Covid.
कोविड के बाद बदलाव माँगती शिक्षा।

विचार जीवन का आधार है।

प्रसिद्ध दार्शनिक मांतने के अनुसार "विचार ही व्यक्तित्व का निर्माण करता है तथा यह जीवन का आधार स्तंभ ~~के बल~~ होता है" विचार से ही कोई व्यक्ति महान बनता है तो कोई व्यक्ति समाज

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

में हीन भावना से देखा जाता है। इसके विभिन्न पक्षों का उल्लेख करते हुए हम किसी निष्कर्ष तक पहुँच सकेंगे।

विचार अगर सकारात्मक हो तो वह व्यक्ति को मानव बनाता है तथा नकारात्मक हो तो दानव। इसे विभिन्न उदाहरण द्वारा समझने का प्रयास करेंगे।

प्राचीन समय से ही भारत सर्वधर्म समभाव एवं विविधता में एकता वाला देश बना रहा है तथा इसका ही परिणाम है कि आज जहाँ सम्पूर्ण विश्व काले-गोरे

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidate should not write in this margin

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें।
Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



शिया- सुन्नी आतंकवाद एवं अन्य आंतरिक समस्याओं से जूझ रहा है तो भारत अपने पराकाष्ठा के शीर्षतम स्तर पर काबिज है। भारत विश्व के मुकाबले इन सभी मामलों में सबसे कम प्रभावित राष्ट्र रहा है तथा उन्नति एवं समावेशी विकास एवं वसुधैव कुटुंबकम् की नीति पर दुनिया को देखना चाहता है।

विचार व्यक्तिगत जीवन को महान बनाता है एवं उसे अमर तक कर देने की क्षमता रखता है। महात्मा गाँधी

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

के संदर्भ में देखा जाए तो उन्होंने जीवन के मूल्य दर्शन को समझाना उनके सत्याग्रह एवं अहिंसा पर राम मनोहर लोहिया का कथन "उन्होंने बिना शस्त्र उठाये एक हुकूमत को भारत से भगा दिया, भारतीय जनता की कमजोरी एवं डर को सत्याग्रह एवं अहिंसा का हथियार बना दिया।" अल्बर्ट आइंस्टीन का तो यह तक मानना था कि माँस एवं हाड़ के टुकड़े में एक ऐसा जीवात्मा आया था जिसके बारे में आने वाली पीढ़ियों को भरोसा ही नहीं होगा कि आधी धोती पहनकर उसने

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

दुनिया जीत ली।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण पर गाँधीजी सतत एवं संधारणीय विकास का मार्ग अपनाते थे उनका मानना था "प्रकृति हमारे जरूरतों को पूरा कर सकती है परंतु लालचों को नहीं"

विचार व्यक्ति को अपने अंतर्मन एवं आस-पास के कार्यकलापों से ज्यादा उत्पन्न होते है तथा यही व्यक्ति को एवं जीवन को नैतिक आधार देते हैं।

अब्राहम लिंकन जिन्होंने दास प्रथा को बहुत नजदीक से देखा था उन्होंने ही आगे

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

20

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in the margin

लोकतंत्र को जनता का, जनता के लिए एवं जनता के द्वारा संचालित बताया तथा सच्चे लोकतंत्र की अवधारणा को प्रस्तुत किया।

सर आइजक न्यूटन जब बगीचे में बैठे थे तब एक सेब का नीचे की ओर गिरना उनके मन में विचार उत्पन्न किया तथा इसी विचार के परिणाम स्वरूप दुनिया के समक्ष गुरुत्वाकर्षण का सिद्धांत सामने आया तथा अनेक शोध कार्य संपन्न हो पाया एवं अनेक विज्ञान के रहस्यों का पर्दा उठ पाया।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

पश्चिमी सभ्यता में अपने उदारवादी प्रवृत्ति के कारण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अपने उन्नत अवस्था में आ पाया तथा विश्व को अनेक नए आयाम मिले जिसमें वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तक की अवधारणा शामिल है।

अर्थव्यवस्था / अर्थशास्त्र के क्षेत्र में प्रारंभ से एडम स्मिथ महोदय का माँग एवं आपूर्ति का सिद्धांत 1929 ई० तक काबिज रहा परंतु 1929 के विश्व-व्यापी आर्थिक मंदी के बाद यह देखा गया कि आपूर्ति के बावजूद यदि

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

बाजार में व्यक्तियों के पास क्रय क्षमता न हो तो अर्थव्यवस्था प्रभावित होती जाती है तबसे नक्सें के सिद्धांत का चलन दुनिया में आया जिसने शुरु में बताया था कि माँग एवं आपूर्ति के बीच क्रय शक्ति एक अहम भूमिका निभाती है।

विचार के आधार पर ही विश्व में दो प्रकार की अर्थव्यवस्थाएँ विकसित हुई। जिसमें पहली पूँजीवादी थी तो दूसरी साम्यवादी।

पूँजीवादी पूँजी के आधार पर सामाजिक न्याय की निर्माण

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

बात करते तो साम्यवादी केन्द्रीयकरण प्रवृत्ति को रोककर सरकारी वर्चस्व द्वारा सामाजिक न्याय स्थापित करना चाहते हैं।

विचार के नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करें तो ओसामा बिन लादेन, हिटलर, पितृसतात्मक सामाजिक व्यवस्था एवं गुटों का विश्व दो धड़े में बँटना, नस्लवाद इत्यादि प्रवृत्तियाँ दिखाई पड़ती है। ओसामा बिन लादेन ने इंजीनियरिंग की डिग्री छोड़कर गलत विचार के प्रभाव में वैश्विक आतंकवादी बन बैठा तथा 9 नवंबर

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

2011 को वैश्विक ट्विन टावर पर हमला कर दिया जिसका परिणाम हुआ कि संपूर्ण विश्व आतंकवाद को वैश्विक चुनौती के रूप में देखने लगा।

जर्मनी के एडोल्फ हिटलर की महत्वाकांक्षी सोच ने संपूर्ण विश्व को एक विश्व युद्ध की आग में धकेला जिसने लाखों मानवों को काल के चपेट में ले लिया तथा वैश्विक खाद्यान्न संकट एवं अन्य सारी नकारात्मक प्रवृत्तियों का जन्म हुआ।

पश्चिमी देशों के इतर पूर्वी एशिया एवं दक्षिण एशिया

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने की सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

को देखा जाए तो यहाँ की महिलाएँ अपने अधिकारों से वंचित दिखाई जान पड़ती है इसलिए तो जवाहर लाल नेहरू का एक कथन बहुत ज्यादा प्रसिद्ध हुआ जो हमारा पालण एवं पोषण करे उनको हम न रोका करो"

विचारों के हेर-फेर के चलते ही आज संपूर्ण विश्व दो गुटों में बँटा है जिसमें रूस एवं अमेरिका प्रमुख है। रूस-यूक्रेन युद्ध ने संपूर्ण दुनिया में एक बार पुनः शीत युद्ध जैसी स्थिति को जन्म दिया है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

स्पष्ट तौर पर कहा जाता है कि विचार ही मनुष्य के व्यक्तित्व एवं जीवन का आधार होता है तथा व्यक्ति को सकारात्मक विचार पर काम कर देश एवं वैश्विक स्तर पर एक संदेश देना चाहिए। कवि रामचंद्र दुलारे के कुछ पंक्तियाँ से इसका अंत करते हैं।

"इस नदी में ठंडी हवा आती तो है।
नाव जर्जर ही सही लहरों से टकराती तो है।।
अब तो कश्ती ही करेगी चिरागों का फासला।
लेकिन इस दीया में कम से कम बाती तो है।।"

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

✓ 52 Q7

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें
Candidate should not write in this margin

## Section—III
## खण्ड—III

Write an essay on any **one** of the following topics in about 700 to 800 words : 100
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर लगभग 700 से 800 शब्दों में एक निबंध लिखिए :

9. ☐ Dharma ke bina vigyan nangar chhai, vigyan ke bina dharma aanhar chhai.
धर्म के बिना विज्ञान नाङ्गर छै, विज्ञान के बिना धर्म आन्हर छै।

10. ☐ Paani mein machharia, nau-nau kutia bakharaa.
पानी में मछरिया, नौ-नौ कुटिया बखरा।

11. ☐ Agila khetee aage-aage, pachhila khetee bhage jage.
अगिला खेती आगे-आगे, पछिला खेती भागे जागे।

12. ☑ Moos motaihen, lodha hoihen,
na hathi, na ghora hoihen.
मूस मोटइहें, लोढ़ा होइहें,
ना हाथी, ना घोड़ा होइहें।

मूस मोटइहें, लोढ़ा होइहें
ना हाथी, ना घोड़ा होइहें

दी गयी पंक्तियाँ बिहार के समाज से संबंधित है जिनका प्रयोग प्रायः व्यंग्यात्मक स्वरूप में किया जाता है तथा किसी व्यक्ति की क्षमताओं को



Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

सीमित रूप में देखने हेतु किया जाता है। " मेरे गाँव में अवनीश नाम का एक 12- वर्षीय बच्चा पड़ोस के झुग्गी झोपड़ियों में निवास करता है वह पढ़ने में औसत है। एक बार गाँव के किसी बुजुर्ग द्वारा उससे उसके जीवन के लक्ष्य के बारे में पूछा गया तो वह लड़का बोला - बाबा मैं धौनी जैसा बनना चाहता हूँ तथा भारतीय क्रिकेट को नई ऊँचाई पर ले जाना चाहता हूँ। उस बुजुर्ग ने बच्चे को कहा

मूस मोटइहें लोढ़ा होइहें
ना हाथी, ना घोड़ा होइहें

तुम पढ़ाई के बारे में बोलो तो मानें ये खेल-कूद का

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.

इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

क्या मतलब है बुजुर्ग ने आगे के वाक्य के रूप में बोला।"

हमारा समाज व्यंग्यात्मक भाव से बोलकर हमारी क्षमताओं को सीमित करने का प्रयास करता है तथा समाज के पारंपरिक गतिविधियों में उलझाये रखना चाहता है परंतु कई सारे ऐसे उदाहरण सामाजिक, आर्थिक राजनीतिक, अंतर्राष्ट्रीय संदर्भों में देखने को मिलेंगे जब यह धारणा गलत प्रतीत होती दिखाई पड़ती है।

थॉमस अल्वा एडीसन ने बल्ब के खोज करने हेतु कम से कम एक हजार नए-नए प्रयोग किये तथा हर बार असफल होने



Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

होने पर उन्हें व्यंग्यात्मक चीजों का सामना करना पड़ा परंतु अंततः उन्होंने इस धारणा को गलत साबित कर बल्ब का आविष्कार किया तथा आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करने का काम किया कि सबकी क्षमताएँ अनंत है तथा इंसान जो चाहे कर सकता है।

कॉंग्रेस के 1905 के समय में कर्जन द्वारा यह कहा गया कि कॉंग्रेस को मरते देखना मेरी इच्छा है परंतु यह व्यंग्य 1947 में ब्रिटिश सरकार को उल्टा पड़ गया तथा इन्हें भारत छोड़ना पड़ा।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने वाले सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

समाज में प्रारंभ से महिलाएँ बराबरी का दर्जा प्राप्त करने का प्रयास करती रही परंतु पितृसतात्मक समाज ने इन्हें आगे आने का मौका नहीं दिया। इसपर सिमोन द बोउवार का मानना है कि स्त्री बनती नहीं बल्कि बनाई जाती है।

वर्तमान समय में यह मिथक टूटता दिखाई पड़ रहा है तथा महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधे मिलाकर चल रही है जहाँ प्राचीन समय में ये -

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara®
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

पढ़िए गीता, बनिए सीता और इन
सब में लगा पलीता ।
किसी मूर्ख की हो परिणीता
होय कंटीली, आँखें गीली, तबीयत
ढीली, लकड़ी सिली
और घर की बड़ी पतीली भर कर
भात पसाइए ।।
तो वर्तमान समय में

यह धारणा –
ये नये युग की नारी है
ये अपने रक्षा के लिए पुरुषों के
आगे हाथ नहीं फैलाएगी
जब – जब जरूरत पड़े
ये अपने राख से भी
उठ स्वतंत्र खड़ी रहेगी ।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में देखें तो 1991 में भारत की अर्थव्यवस्था बिल्कुल बर्बादी के कगार पर पहुँच चुकी थी और भारत के पास केवल 15 दिनों का विदेशी मुद्रा रिजर्व बाकी था। भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं अन्य वितीय संपन्न देशों द्वारा ऋण की राशि माँग किये जाने पर भारत को व्यंग्यात्मक शब्द बोले गए। भारत ने अपने सोने को गिरवी रखा तथा अपने अर्थव्यवस्था में परिवर्तन किया

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

इसका परिणाम यह हुआ कि भारत की अर्थव्यवस्था न सिर्फ पटरी पर लौटी बल्कि वर्तमान में भारत विश्व का ~~च~~ पाँचवा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था बन बैठा है तथा इसके पास 640 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। भारत 2025 तक खुद को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ने का लगातार प्रयास कर रहा है।

रूस-यूक्रेन युद्ध का कारण नाटो का पूर्वी यूरोप में बढ़ता प्रभाव भी था। सुरक्षा कारणों से

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara® BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

रूस ने 22 फरवरी 2022 को युद्ध की घोषणा की तथा 24 फरवरी से युद्ध प्रारंभ हो गया।

रूस यूक्रेन को कमतर आँकने की भूल कर बैठा तथा 1 महीने के अंदर युद्ध समाप्त करना एवं यूक्रेन को हराने का नियोजन करके युद्ध में आया।

आज एक साल से ज्यादा का समय हो गया है तथा युद्ध अभी-भी जारी है। यूक्रेन को पश्चिमी देशों द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है तथा युद्ध अनवरत जारी है।

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

रूस पर स्विफ्ट प्रतिबंध एवं अनेक सारे आर्थिक प्रतिबंधों ने रूस की स्थिति काफी गंभीर कर दी है तथा रूस वित्तीय संकट से जूझ रहा है। यदि रूस पीछे हटता है तो उसकी वैश्विक साख धूमिल हो जाएगी तथा युद्ध करता रहा तो आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होती जाएगी। इसलिए किसी की क्षमता को कमतर नहीं आँकना चाहिए।

भारतीय समाज में शोषित एवं पिछड़े वर्गों के लोगों को प्रायः आज भी समाज के बेड़ियों में जकड़ने का प्रयास किया जाता

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

है जैसे- यूपीएससी - 2022 की परीक्षा में टॉप - 22 स्थान पर काबिज सुनील कुमार धनवंता को उनके शादी के दौरान घोड़ी चढ़ने पर संपन्न वर्गों द्वारा विरोध किया गया।

अर्थात् आज भी समाज अपने पारंपरिक गतिविधियों को किसी न किसी प्रारूप में लागू किया ही रहना चाहता है चाहे वह ~~लोक~~ लोकोक्तियों के अर्थ में हो अन्य परंपराओं के रूप में।

इस प्रकार संपूर्ण मानव जाति को एक-दूसरे पर

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें।
Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

प्रश्नों के सामने बने सही बॉक्स में Tick ☑ का निशान लगायें। Mark Tick ☑ in the appropriate box in front of Question No.



इस हाशिये में उम्मीदवार कुछ न लिखें Candidate should not write in this margin

व्यंग्यात्मक टिप्पणियाँ न चलाकर सहकारिता की भावना का विकास करना चाहिए ताकि समाज एवं देश का हर एक मानव अपने क्षमताओं का अनुकूलतम् प्रयोग कर सके तथा वसुधैव कुटुंबकम् की भावना एवं "अयं निजं परोवेति गणना लघुचेतसाम् उदारचरितानां तु वसुधैव कुटुंबकम" का विकास हो पाये।

✓ 55 Q12

अप्रयुक्त स्थान को क्रॉस (×) कर दें। Please Cross (×) unused space

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए स्थान

Examdhara BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC

Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay

For More Study Material Please Visit www.examdhara.com

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

विचार → भारत की सभ्यता → सर्वधर्म समभाव

पश्चिमी सभ्यता

महात्मा गाँधी, अब्राहम लिंकन, न्यूटन,

दो गुटों का निर्माण

स्टॅलिन एवं पूँजी साम्यवादी, पूँजीवादी

Special

प्रशासनिक

Political

एडम स्मिथ एवं मार्क्स

सामाजिक

महिला एवं दलित

गलत विचार

↓

हिटलर, लादेन

नेपोलियन

पितृसत्तात्मक

★★★



Examdhara
BPSC | BSSC | BPSSC | CSBC
For More Study Material Please Visit www.examdhara.com
Vikash Kumaar, Rank 330 (68th BPSC) Essay